तापमान
अधिकतम 18.3 डिग्री
न्यूनतम 3.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 6 जनवरी 2026

12 ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत ....



12 प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों ...



## खबर संक्षेप

### कुवि के पांच विद्यार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**यमुनानगर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 5 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से सुनील, इतिहास विभाग से रवि, ओजेश कुमार, आशुतोष सिंह व अली खान शामिल है।

### महिला की मौत पर पति समेत चार पर केस

**यमुनानगर।** जगाधरी के जड़ौदा गेट निवासी 40 वर्षीय ऋतु जैन की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मायके पक्ष की शिकायत पर उसके पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर ऋतु जैन की हत्या करने के बाद सबूत मिटाने का भी आरोप है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मॉडल टाउन करनाल निवासी आयुष जैन ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन 40 वर्षीय ऋतु जैन की शादी करीब 18 वर्ष पहले जड़ौदा गेट जगाधरी निवासी करण गोयल के साथ हुई थी।

### महिला से छेड़छाड़ पर व्यक्ति पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही विक्रम सिंह उस पर गलत नजर रखे हुए था।

### अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त में आरोपी काबू

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा एक मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल टीम इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी जावेद उर्फ राणा पुत्र अयूब, निवासी ख्वाजपुर, थाना झिंझाना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को काबू किया। आरोपी के कब्जे से 32 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद किया गया।

### नहर में डूबे पानीपत के व्यापारी का शव बरामद

**यमुनानगर।** बूड़िया थाना क्षेत्र के गांव कश्मीरगढ़ के पास पश्चिमी यमुना नहर में एक जनवरी को डूबे पानीपत के व्यापारी 52 वर्षीय देवेंद्र का शव सोमवार को बूड़िया पुल के पास पश्चिमी यमुना नहर से बरामद हुआ। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाकर उसकी शिनाख्त करवाई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### अंबाला: वारंट ऑफिसर से 13.56 लाख की ठगी

**अंबाला।** भारतीय वायुसेना में तैनात वारंट ऑफिसर से साइबर ठगों ने आजीवन कारावास का भय दिखाकर ठगी की। साइबर क्राइम थाना ऑफ इंडिया व (यूआइडीएआइ) व मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर 13.56 लाख रुपये की ठगी की गई। बिहार के किरकिरी गांव के हरेंद्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में वह एयरफोर्स स्टेशन अंबाला छावनी में वारंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। 27 दिसंबर को एक काल आई। काल खुद को यूआइडीएआइ विभाग से आकाश मेनन बताया था।

---

### चेयरमैन श्रवण कुमार ने गोशालाओं के प्रतिनिधियों और विभागों के अधिकारियों की ली बैठक

# हरियाणा गो सेवा आयोग जल्द ही गोशालाओं को देगा ई-रिक्शा

**बजट 2 करोड़ से बढ़ाकर 595 करोड़ कर दिया गया**

- कुरुक्षेत्र में तीन माह पहले करीब एक करोड़ 26 लाख रुपये की राशि जारी की गई है और इससे दोगुनी राशि जल्द ही गोशालाओं को भेज दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि जल्द ही हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जहां एक भी बेसहारा पशु वंश सड़कों पर नही दिखाई देगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी गोशालाओं में बेसहारा पशु व गोवंश को समायोजित किया जा रहा है। आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में गोशालाओं के प्रतिनिधियों और संबधित विभागो की बैठक को संबोधित कर रहे थे। चेयरमैन ने कहा कि जल्द ही गोशालाओं को ई-रिक्शा दी जाएगी। चेयरमैन का बैठक में पहुंचने पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि जब प्रदेश सरकार सत्ता में आई थी, तो बजट करीब 2 करोड़ था जो अब बढ़कर 595 करोड़ हो गया है।




कुरुक्षेत्र। गोशालाओं के प्रतिनिधियों और विभागों के अधिकारियों को संबोधित करते हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग। फोटो : हरिभूमि

**गोशालाओं को मनरेगा के साथ जोड़ा**

हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा गोशालाओं को मनरेगा के साथ जोड़ा गया है तथा गोशालाओं को जमीन देने का भी प्रावधान किया गया है। कुरुक्षेत्र जिलें में करीब तीन माह पहले करीब एक करोड़ 26 लाख रुपये की राशि जारी की गई है और इससे दोगुणी राशि जल्द ही गोशालाओं को भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गउशालाओं को कोई रजिस्ट्री खर्च नही देना होता है और दो रुपये बिजली दर से बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

**ताल-मेल के साथ कार्य करें।**

चैयरमैन ने कहा कि हरियाणा गो सेवा आयोग द्वारा जल्द ही गोशालाओं को ई-रिक्शा दी जाएगी। जिन गोशालाओं में शेड कार्य के लिए 5 लाख रुपए भेजे गए थे, उन्हें काम चेक करने के बाद 5 लाख रुपये ओर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में सोलर पैनल लगाए जा रहे है, इन सोलर पैनलों पर 10 प्रतिशत गोसेवा आयोग द्वारा और 80 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी गोशाला के प्रतिनिधि अधिकारियों के साथ ताल-मेल के साथ कार्य करें।

**कुरुक्षेत्र में 23 पंजीकृत गोशालाओं में 8600 पशु**

कुरुक्षेत्र उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिले में 23 पंजीकृत गउशालाएं है, इन गउशालाओं में 8600 पशु है, जिनकी सभी की टैगिंग की गई है। उन्होंने बताया कि 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक बेसहारा गउ वंश पुर्नवास अभियान के तहत 206 पशु गोशालाओं में समायोजित किए गए है। इससे पहले 1 अगस्त से 31 अगस्त तक के अभियान में 684 पशु गोशालाओं में समायोजित किए गए है। उपायुक्त ने बताया कि अगर किसी गोशाला संचालक को या प्रतिनिधि को कोई समस्या आ रही हो तो वे सोमवार व गुरुवार को समाधान शिविर में आकर लिखित रूप में अपनी समस्या को बता सकता है। इस मौके पर डीएमसी अमन कुमार, पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. अनिल बनवाला, एसडीओ डा. जसबीर सिंह, एसडीओ डा. विकास शर्मा सहित गोशालाओं के प्रतिनिधि व संबधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**31 दिसंबर तक 206 पशुओं को गोशालाओं में समायोजित किया गया**

---

### वारदात से हड़कंप, पुलिस ने साक्ष्य जुटाए

# पानीपत में युवक की ईंट से मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित कृष्णा गार्डन की गली नंबर तीन में किराये के कमरे नंबर 209 में निवास कर रहे 32 वर्षीय अनीश गुप्ता मूल निवासी देवरिया, उत्तर प्रदेश की अज्ञात लोगों ने सिर में सीमेंट से बनी ईंट मारकर हत्या कर दी। अनीस के कमरे के उपर बने भवन में निवास कर रहे परिवार के बच्चे का जन्मदिन था और यहां पर पार्टी चल रही थी। सवा आठ बजे के करीब नौ बजे अनीश भी अपने एक साथी के साथ पार्टी में गया था। इसके बाद अनीश अपने साथी के साथ पार्टी से चला गया था। वहीं अनीश के साथ जो व्यक्ति आया था उसे यहां पर निवास करने वाले लोग जानते नहीं है। इधर, सोमवार की सुबह जब अनीश अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो पड़ोसियों ने कमरे का दरबाजा खोला कर देखा। अनीश खून से लथपथ पड़ा। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। वहीं, थाना चांदनी बाग पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इधर, जांच में पता चला कि अनीश की मौत हो चुकी है।

# मजाक में प्राइवेट पार्ट में हवा भरने से युवक की आंत फटी

**ऑपरेशन के बाद हालत स्थिर**

**करनाल।** गांव इंद्राड़ी निवासी एक व्यक्ति ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा मार्बल एजेंसी में काम करता है। उसी में अन्य युवक भी कार्यरत है। काम के दौरान मजाक-मजाक में साथी युवक ने कंप्रेसर की पाइप से उसके बेटे के प्राइवेट पार्ट में हवा भर दी। हवा भरते ही युवक की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे तेज दर्द शुरू हो गया। हालत गंभीर होने पर परिजन पहले उसे गांव के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उसे करनाल रेफर कर दिया। इसके बाद युवक को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि पीछे से हवा भरने के कारण युवक की आंत फट गई है। बेटा कई दिन तक अस्पताल में भर्ती रहा, अब हालत स्थिर बताई जा रही है।

---

# यमुनानगर: सड़क हादसों में दो युवकों समेत तीन की मौत

- पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों समेत तीन की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीर कॉलोनी पांसरा निवासी सूरज शाह ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 18 वर्षीय साहब तीन जनवरी को सुबह नौ बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह खजूरी मोड पर मित्तल पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे हाइड्रा ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी हाइड्रा चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। उधर, गांव रामगढ़ माजरा निवासी 28 वर्षीय विकास अपनी बाइक पर साढ़ौरा दोसड़का रोड से जा रहा था। जब वह बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे डंपर ने विकास की बाइक को टक्कर मार दी। कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, गांव धोलरा निवासी रमेश अपनी स्कूटी पर सवार होकर दवाई लेने के लिए जा रहा था। एसके पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो स्पीड ब्रेकर उसे दिखाई नहीं दिए। इस दौरान उसकी स्कूटी से वह उछलकर सड़क पर जा गिरा। इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने उसे कुचल दिया।

# खैर तस्करों का वन विभाग की टीम पर हमला, कर्मी घायल

*यमुनानगर के रेडा इब्राहिमपुर में खैर के पेड़ों की चोरी करने की सूचना पर पहुंची थी वन विभाग की टीम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव रेडा इब्राहिमपुर में खैर के पेड़ों की चोरी करने की सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम पर खैर तस्करों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें एक कर्मचारी घायल हो गया। इस दौरान आरोपी खैर तस्करों ने सरकारी काम में बाधा डाली और हजारों रुपये की खैर की लकड़ी चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद वन राजिक अधिकारी मोबीन खान की शिकायत पर चार आरोपी कर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन राजिक अधिकारी डारपुर रेंज कलेसर के मोबीन खान ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि तीन जनवरी को रात साढ़े 10 बजे उसे सूचना मिली थी कि कुछ खैर तस्कर गांव रेडा इब्राहिमपुर से खैर के पेड़ों को काटकर चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वह अपने साथी रसीद के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान वहां मौजूद खैर तस्करों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में रसीद गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा डाली और वहां से करीब 15 हजार रुपए की खैर की लकड़ी चोरी करके ले गए। जांच करने पर आरोपी खैर तस्करों की पहचान तासीम, मतलूब, अकरम व इलियाकत के रूप में हुई। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपी खैर तस्करों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### पुलिस और बदमाशों में रविवार देर रात मुठभेड़

# पानीपत इनेलो जिला अध्यक्ष के भाई के हत्यारोपी का एनकाउंटर

- हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगी, दूसरा आरोपी धुंध में फरार हुआ, तीसरा आरोपी जसवंत को रिमांड पर लिया
- राठी हत्याकांड से जुडे हर आरोपी को पकड़ेगी पुलिस
- एसपी से मिले इनेलो नेता न्याय की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के इनेलो अध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई व पानीपत सिविल अस्पताल में नियुक्त नेत्र विंग के अधिकारी जयदीप राठी की हत्या के मामले में फरार आरोपी जसवंत उर्फ जस्सी निवासी यमुनानगर को गिरफ्तार किया। वहीं, जसवंत से मिली जानकारी के बाद पानीपत पुलिस की टीम ने रविवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे रिफाइनरी रोड पर नहर के पास छिपे गुरदर्शन निवासी अंबाला व जलदीप उर्फ भोला निवासी मुखीजा कालोनी, पानीपत को घेर लिया। पुलिस टीम ने दोनों को सरेंडर करने को कहा, दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। फायरिंग में गुरदर्शन पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। जबकि जलदीप अंधेरे व कोहरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। इधर, गुरदर्शन को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं, इनेलो के नेताओं ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।



पानीपत। मुठभेड़ में घायल हिस्ट्रीशीटर को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

---

### मधुबन पुलिस अकादमी में लोक अभियोजकों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के डॉ. एस. राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में लोक अभियोजक अधिकारियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 16 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 2 उप निदेशक अभियोजन सहित कुल 19 लोक अभियोजक अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से किया गया। कोर्स संयोजक बलजिंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अकादमी की ओर से सुरेंद्र कुमार उप जिला न्यायवादी ने मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. दीपा सिंह को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट किया। अपने संबोधन में डॉ. दीपा सिंह ने नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नए कानून "नागरिक पहले, न्याय पहले" की भावना पर आधारित हैं और इनमें महिलाओं व बच्चों के अधिकारों को विशेष महत्व दिया गया है।

---

**मौसम** | बादल और घने कोहरे के कारण सूर्य देव के नहीं हो रहे थे दर्शन

# पांच दिन बाद पहली बार खिली धूप, लोगों को मिली ठंड से राहत, तापमान में भी वृद्धि दर्ज

*ट्विन सिटी के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंज उठी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से सोमवार को धूप खिलने से लोगों को राहत मिली है। सोमवार को सुबह से शाम तक जिले में अच्छी धूप खिली रही और बच्चों ने जहां पार्कों में और खाली पड़े स्थानों पर खेलकर धूप का आनंद लिया।

वहीं, कुछ लोगों ने खेत खलियान व खाली पड़े स्थानों पर बैठकर ताश की बाजी लगाकर धूप का आनंद लिया। वहीं, सोमवार को धूप खिलने से तापमान में मामुली बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोमवार सुबह लोग जैसे ही नींद से जागे तो आसमान साफ था और कहीं पर भी कोहरा दिखाई नहीं दिया। कुछ देर के बाद सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने खुशी मनाई। इसके बाद जैसे जैसे दिन चढ़ता गया तो अच्छी धूप ने मौसम में गर्माहट भर दी। जिसके बाद ट्विन सिटी के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंज उठी। इस दौरान बच्चों ने पार्कों में खेलकर धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। वहीं, कुछ लोगों ने अपने घरों के आसपास खाली पड़े स्थानों में बैठकर ताश आदि खेलकर धूप का आनंद लिया।



यमुनानगर। धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे व खाली पड़े स्थान पर बैठकर ताश की बाजी लगाकर धूप का आनंद लेते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

**अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस पहुंचा**

मॉडल टाउन के अमित सैनी, गुरदीप सिंह, विशाल, कमल मलिक आदि ने बताया कि नया साल 2026 में सोमवार को पांचवे दिन सूर्य देव के दर्शन हुए हैं। इससे पहले चार दिन तक आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर के साथ घना कोहरा पड़ने के कारण मौसम में कंपकंपाती ठंड बढ़ रही। लोगों के कामधंधे प्रभावित हो गए थे। सोमवार को जिला का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस था।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने याकूबपुर में 35 लाखों के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# 25 लाख से रास्ते का निर्माण होगा और ₹10 लाख में बनेगी चौपाल

## जगाधरी विस में 40 से अधिक रास्तों का निर्माण करवाया जा रहा, जो एक गांव को दूसरे से जोड़ते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि वह प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सौजन्य से जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जा रही है। उन्होंने उक्त शब्द सोमवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव याकूबपुर में 35 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए कहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि सोमवार को उन्होंने जिन विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उनमें 25 लाख रुपये की लागत से गांव याकूबपुर से रायपुर डमौली जाने वाले रास्ते का निर्माण व गांव याकूबपुर में ही 10 लाख रुपये की लागत से एससी चौपाल का निर्माण करवाया जाएगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा सरकार के सौजन्य से लगातार अपने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवा रहे हैं। यह सभी विकास कार्य जनता की मांग पर करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह जगाधरी विधानसभा में लगभग 40 से अधिक रास्तों का निर्माण करवा रहे हैं। जो एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ते हैं। इससे इन गांवों के बीच आने जाने का रास्ता आसान होगा। उन्होंने बताया कि लोगों की बहुत लंबे समय से आ रही मांगों को पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजपाल सिंह,सरपंच रोशनी देवी,मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, समाजसेवी संगम,बूथ अध्यक्ष डॉ. राकेश, ब्लॉक समिति सदस्य अनिल,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय दसौरा व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। जगाधरी विसि क्षेत्र के गांव याकूबपुर में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

■ पूर्व कैबिनेट बोले-मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा सरकार के सौजन्य से लगातार विकास कार्य हो रहे

### एक समान विकास कार्य हो रहे

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आगे भी जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के लोग जिस विकास कार्य के लिए कहेंगे वह विकास कार्य लोगों की मांग पर प्राथमिकता के आधार पर हरियाणा भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के माध्यम से करवाएंगे। मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल पिछले ग्यारह साल से सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए पूरे जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में एक समान विकास कार्य कर रहे हैं।


यमुनानगर। युवा पंजाबी सभा के नवनियुक्त प्रधान कर्ण चानना का स्वागत करते सदस्य।

# चानना सर्वसम्मति से युवा पंजाबी सभा के प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पंजाबी धर्मशाला में युवा पंजाबी सभा की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता युवा पंजाबी सभा के अध्यक्ष सतविंदर सिंह रिंकू द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवा पंजाबी सभा की नई कार्यकारिणी का गठन करना था। नई कार्यकारिणी में कर्ण चानना को सर्वसम्मति से युवा पंजाबी सभा का प्रधान नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान कर्ण चानना को सभा के सदस्यों ने फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान कर्ण चानना ने बताया कि सभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की नियुक्ति आगामी बैठक में की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभा की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निभायेंगे। उनका उद्देश्य समाज के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोडना होगा।

■ सभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की नियुक्ति आगामी बैठक में की जाएगी

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सतीश चौधरी, भारत माटिया, अभिषेक आहूजा, पंकज आहूजा, आशीष आहूजा, सतविंदर सिंह रिंकू, दीपक उपनेजा, राजवीर सिंह मल्ली, संजीव अरोड़ा, परवीन आहूजा, मास्टर गुरचरण सिंह, मनोज चौधरी,गौरव आहूजा, हर्ष चौधरी, शिवा बठला, हरीश हनी, विजय नागपाल, काका मक्कड़, पंकज बत्रा, विजय आढ़ती, अविनाश नसीब, मुकेश मक्की, प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जेएमआईटी इंजीनियरिंग के छात्र राष्ट्र स्तरीय हैकाथॉन में रहे अव्वल

■ विजयी टीम में शामिल थे- अक्षत राय कक्कड़ टीम लीडर दीपांशु बत्रा, अनुभूति शर्मा और अक्षत अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के छात्रों ने टेकफंटियर 2025 राष्टीय स्तर के हैकाथॉन में प्रथम स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी आईआईआईटी दिल्ली व अनस्टॉप के सहयोग से हुआ। इस भव्य राष्टीय आयोजन में 1000 से अधिक पंजीकृत टीमों ने भाग लिया। जिसमें से केवल 100 टीमों का चयन किया गया था।

जेएमआईटी की टीम कोड लायंस ने असाधारण नवाचार तकनीकी महारत और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। विजयी टीम में अक्षत राय कक्कड़ टीम लीडर दीपांशु बत्रा, अनुभूति शर्मा व अक्षत अग्रवाल शामिल थे। जो बीण्टेक सीएसई प्रथम वर्ष के छात्र हैं। जेएमआईटी के महासचिव रमेश कुमार, जेएमआईटी के निदेशक डा. एस.के.गर्ग ने छात्रों की समर्पण व कड़ी मेहनत की सराहना की। जबकि संस्थान प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई निरंतर समर्थन पर जोर दिया। उन्होंने जोर दिया कि जेएमआईटी की शीर्ष स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता ने वर्षों से राष्टीय और अंतर्राष्टीय हॅकाथॉनों में कई पुरस्कार दिलाए हैं। इस सफलता के लिए डा.गौरव शर्मा एचओडी, सीएसई डा. विकास जुनेजा एचओडी आईटी डा. एल. एस. रीन एचओडीए एप्लाइड साइंसेज डा. वंदना, प्रोफेसरए एप्लाइड साइंसेज डा. सविता खुराना के नेतृत्व को सलाम करता है।



# यमराज का वेश धारण कर पुलिस ने पढ़ाया यातायात का पाठ

## जागरूकता अभियान का नेतृत्व जिला यातायात थाना प्रभारी एवं उप निरीक्षक ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत सोमवार को जिला यातायात पुलिस व एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन संस्था की संयुक्त टीम द्वारा ट्विन सिटी में अनोखा यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम में शामिल एक कलाकार द्वारा यमराज का वेश धारण कर वाहन चालकों को यातायात के नियमों की पालना के लिए जागरुक किया। अभियान का नेतृत्व जिला यातायात थाना प्रभारी एवं उप निरीक्षक कुशलपाल राणा ने किया।

सोमवार को डीएसपी मुख्यालय कवलजीत सिंह, एसडीएम, विश्वकर्मा धीमान, यातायात थाना प्रभारी कुशलपाल राणा तथा तथा एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन के नेशनल प्रेसिडेंट अमित मनकट व समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक राज धीमान एक कलाकार को यमराज की वेशभूषा धारण करवाकर ट्विन सिटी में पहुंच गए। इस दौरान पुलिस टीम ने यमराज बने कलाकार के माध्यम से वाहन चालकों को रोक रोककर यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करने के लिए जागरुक किया गया। यमराज का यह प्रतीकात्मक रूप लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना और संदेश को गंभीरता से ग्रहण करने में सहायक सिद्ध हुआ। नागरिकों ने पुलिस की इस सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की पहल की सराहना की और इसे समय की आवश्यकता बताया।



यमुनानगर। वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करते हुए यमराज के साथ पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने के दुष्परिणाम बताए

पुलिस टीम में शामिल यमराज की वेषभूषा धारण किए कलाकार ने ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना व्यक्ति को असमय मृत्यु की ओर ले जा सकती है का संदेश दिया। यमराज द्वारा संवाद के माध्यम से हेलमेट न पहनने, तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने और ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने के दुष्परिणामों को सरल भाषा में समझाया गया। जिससे लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा। इस अवसर पर नेशनल प्रेसिडेंट अमित मनकट ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम सभी नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने भी जनता से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

# पतंजलि योग समिति ने हवन कर मनाया 31वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट शाखा रादौर के कार्यकर्ताओं ने पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के 31वें स्थापना दिवस पर हवन का आयोजन किया। इस मौके पर पतंजलि योग समिति के प्रभारी व जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमित काम्बोज मुख्यरूप और समाजसेवी मान सिंह आर्य मुख्यातिथि के के रूप में शामिल हुए। वहीं संस्था के वरिष्ठ सदस्य चौधरी जगमाल सिंह रतनगढ़ भी मौजूद रहे। आर्य समाज रादौर के प्रधान किरणपाल आर्य ने पूरी वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया।

अमित काम्बोज ने कहा कि आर्यवीर योगषि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने 31 वर्ष पूर्व आज के दिन 5 जनवरी 1995 को हरिद्वार के कनखल मे पतंजलि योग पीठ की स्थापना की थी। आज यह संस्थान एक वट वृक्ष के समान खड़ा है। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार ने योग एवं आयुर्वेद की दुनिया मे जो विशेष स्थान हासिल किया है, उसकी कोई दूसरी मिसाल नही है। मुख्यातिथि मान सिंह आर्य ने कहा कि हर नागरिक को पांच परिवर्तन अर्थात कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एनागरिक कर्तव्य स्वदेशी के विचार को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।


यमुनानगर। कस्बा रादौर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मास्टर सत्यदेव आर्य, मंगत राम बठला, डॉ विनोद शर्मा, जगमाल रतनगढ़, यशवंत राणा, संजय गुप्ता, गुलाब सिंह, देसराज केशव नगर, मोहन नाचरोंन, संसारो देवी आदि मौजूद रहे।

# सेठ मुकंद लाल का जन्मदिवस मनाया संस्थान सदस्यों ने पुष्प अर्पित किए


यमुनागर। रादौर के मुकंदलाल स्कूल में सेठ मुकंदलाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल कॉलेज रादौर में सोमवार को मुकंद संस्था संस्थापक सेठ मुकंद लाल का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। वहीं कॉलेज के प्रांगण में कॉलेज की प्रबंधन समिति के सचिव पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा, डॉ अजय शर्मा, प्राचार्या डॉ माला शर्मा व अन्य स्टाफ के सदस्यों ने कॉलेज में स्थापित संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। सचिव पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि किस प्रकार मुकंद लाल नेशनल कॉलेज की स्थापना के लिए सेठ मुकंद लाल ने मेहनत की और मुकंद संस्थाओं व कॉलेज को स्थापित करने में सफल भी हुए। डा.माला शर्मा ने कहा कि सेठ मुकंद लाल ने इस संस्थाओं की स्थापना करके बहुत ही सराहनीय काम किया है। इनके द्वारा स्थापित किए गए संस्थान आस पास के क्षेत्र के बच्चों के लिए वरदान साबित हुए हैं। जिनसे ज्ञान प्राप्त कर विद्यार्थियों ने अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

■ डा.माला शर्मा ने कहा कि सेठ मुकंद लाल ने इन संस्थाओं की स्थापना करके बहुत ही सराहनीय काम किया

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान: विश्वनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सोमवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ ने लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर अधिकांश समस्याओं का समाधान कर दिया गया।

एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में 13 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें यमुनानगर निवासी विरेन्द्र कुमार ने प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने बारे, यमुनानगर निवासी सुमीत गर्ग ने दादूपुर से हमीदा यमुना नहर की चौड़ाई करने बारे, ममीदी निवासी नरेन्द्र त्यागी ने प्रॉपर्टी आईडी बनवाने बारे, मॉडल कॉलोनी निवासी रामकृष्ण ने अवैध शेड व अवैध रैम्प हटवाने बारे, यमुनानगर निवासी पार्षद ऊषा ने रामनगर व गोविंद विहार कॉलोनी को नियमित करवाने बारे, यमुनानगर निवासी सुदेश कुमार ने गिरदावरी बनवाने बारे समस्या रखी। इस अवसर पर डीआईओ विनय गुलाटी, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी अभिश्रूति व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


यमुनानगर। समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने समाधान शिविर में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बैठक के दौरान 15 मिनट के योग का भी अभ्यास करवाया।

विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत हुआ कार्यक्रम

# वीबी-जी राम जी योजना से 125 दिन मिलेगा काम

■ पारदर्शिता के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कृषि विज्ञान केंद्र दामला द्वारा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत गांव हाफिजपुर, बैंडी व नगला जागीर में किसानों एवं ग्रामीणों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के किसानों एवं श्रमिकों को नवीन रोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में कृषि विज्ञान केंद्र दामला के संयोजक डॉ. संदीप रावल ने भाग लिया। केंद्र के संयोजक डॉ. संदीप रावल ने बताया कि पूर्व में मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन किसानों एवं श्रमिकों को सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाता था। जबकि अब विकसित भारत 2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका ग्रामीण स्कीप (वीबी-जी राम जी) को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत किसानों को 125 दिन का रोजगार प्रदान करने की गारंटी दी गई है।


यमुनानगर। गांव हाफिजपुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को विबिजी राम जी योजना की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक। फोटो : हरिभूमि

### गृह वाटिका स्थापित करें

योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था की गई है तथा मजदूरी की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी। जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। मौके पर वैज्ञानिक डॉ. आसमा खान ने विबिजी राम जी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ साथ उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने योजना के लाभों, कार्य प्रणाली तथा ग्रामीण जीवन में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, मृदा वैज्ञानिक डॉ. विशाल गोयल ने किसानों को भूमि की उर्वरता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। जबकि केंद्र के प्रशिक्षण सहायक डॉ. करण सैनी ने मानव जीवन में रसायन मुक्त सब्जियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गृह वाटिका से न केवल ताजीए पौष्टिक एवं सुरक्षित सब्जियां उपलब्ध होती हैं। बल्कि यह तनाव मुक्त, रोग मुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि खुशहाल एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रत्येक परिवार को गृह वाटिका अवश्य स्थापित करनी चाहिए।

# धार्मिक आयोजन समाज में करते हैं साकारात्मक ऊर्जा का संचार: नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के व्यासपुर स्थित श्री सिद्ध बाबा मंदिर आंबेडकर नगर में हवन यज्ञ व वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में सेवादार नरेश कुमार समेत अन्य सेवादारों ने आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए सुख शांति और स्मृद्धि की कामना की। मौके पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री सिद्ध बाबा मंदिर के सेवादार नरेश कुमार, नरेश सिंघाल, सुशील कुमार, तुषार सिंघाल, विजय सिंघाल और मयंक सिंघाल ने श्री सिद्ध बाबा की महिमा पर प्रकाश डाला। सेवादार नरेश कुमार ने कहा कि धार्मिक आयोजन करने से समाज में साकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



### समाज में सेवा का भाव होता है मजबूत

सेवादार नरेश कुमार ने कहा कि सिद्ध बाबा की कृपा से क्षेत्र में सदैव सुख शांति बनी रहती है। बाबा के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलदायी होती है। सिद्ध बाबा मंदिर वर्षों से श्रद्धा और आस्था का केंद्र रहा है। जहां हर वर्ग के लोग नतमस्तक होकर अपनी मनोकामनाएं रखते हैं। वार्षिक भंडारे का उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना और समाज में सेवा व समर्पण की भावना को मजबूत करना है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बाबा का आशीर्वाद लिया। श्रद्धालु नरेश सिंघाल, सुशील कुमार, तुषार सिंघाल, विजय सिंघाल और मयंक सिंघाल आदि ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर आर्यन सिंघाल, अरविंद सिंघाल, शंटी सिंघाल, प्रिंस, वैंशन, नितेश, राजबीर, अमृत भल्ला और मनदीप, पारस व निखिल खेड़ियां आदि ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप



### संस्कार मनुष्य जीवन की अनमोल धरोहर : मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** विचार एवं संस्कार एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। विचार मनुष्य के जीवन का अनमोल उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन एवं राष्ट्र प्रेम मंच के संयुक्त तत्वावधान में हमारे विचारों एवं संस्कारों का राष्ट्र के विकास में योगदान विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं वैचारिक संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए।

### वेनेजुएला पर की गई कार्रवाई की निंदा की

**कुरुक्षेत्र।** वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य आक्रमण, संप्रभु देश वेनजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन अपहरण करके उठा ले जाना अमेरिकी राष्ट्रपति और अमेरिकी सेना की आतंकी कार्रवाई है जिसकी जन संघर्ष मंच हरियाणा कड़े से कड़े रुप में निंदा करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति व सेना का यह कुकृत्य तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मयार्दाओं का उल्लंघन है और एक बहुत घृणित अपराधिक कार्रवाई है। यह अमेरिकी सरकार की पूंजीवादी साम्राज्यवादी विस्तारवादी नीति और वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार व प्राकृतिक संसाधनों को लूटने के उद्देश्य से किया गया हमला है।

## निशान साहिब और तलवार हाथ में लिए हुए पंज प्यारे आकर्षण का केंद्र रहे

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर्व पर निकाला कीर्तन, नतमस्तक हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

धर्मनगरी स्थित गुरुद्वारा श्री बाऊली साहिब की ओर से सोमवार को गुरुद्वारा मुखी संत बाबा महिंद्र सिंह व बाबा लक्खा सिंह की अगुवाई में साहिब-ए-कमाल दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित महान नगर कीर्तन निकाला गया। पांच प्यारों की अगुवाई एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में निकले नगर कीर्तन में बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के साथ भारी संख्या में संगत ने हाजिरी भरी। नगर कीर्तन के दौरान रागी जत्थे गुरु की वीर गाथाओं का मधुर और ओजस्वी गायन करते हुए नजर आए। गुरुबाणी और शब्द कीर्तन की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। नगर कीर्तन गुरुद्वारा बाऊली साहिब से शुरू होकर देर शाम को गुरुद्वारा साहिब में पहुंचा, जहां भव्य आतिशबाजी के साथ नगर कीर्तन संपन्न हुआ। फूलों से सुसज्जित पालकी में श्री गुरू ग्रंथ साहिब के दर्शनों के लिए भारी संख्या में संगत पूरी श्रद्धा के साथ शहर के विभिन्न मार्गो पर खड़ी रही। निशान साहिब और तलवारें हाथ में लिए नगर-कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंज प्यारे आकर्षण का केंद्र रहे।



पिहोवा। नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे। फोटो : हरिभूमि

### पूरे नगर को तोरणद्वारों से सजाया गया

नगर कीर्तन में विशेष रूप से बाबा काला सिंह, बाबा हजूरा सिंह, बाबा विजय सिंह व बाबा वरयाम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। पालकी साहिब का अभिनंदन करने पहुंची जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का संदेश था कि अत्याचार सहना कायरता है और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना ही सच्चा धर्म है। उनके जीवन में त्याग की भावना सर्वोपरि रही। नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि एवं समाजसेवी एवं भाजपा महिला मोर्चा की मंडलाध्यक्ष गीता शर्मा ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन साहस त्याग, समानता और राष्ट्र धर्म का अद्भुत उदाहरण है। नगर कीर्तन में साथ चल रही संगत के लिए लोगों ने बड़े ही श्रद्धाभाव से चाय, ब्रेड व फलों का प्रसाद संगत को बांटा। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए पूरे नगर को तोरणद्वारों से सजाया गया था। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वडैच, डा. परमजीत सिंह, भाजपा नेत्री गीता शर्मा, डा. अवनीत वड़ैच, तेजेंद्र वालिया, रघुबीर सिंह चंदोक, जोगिंदर बेदी, कुलदीप मुल्तानी, सरपंच विकल चौबे, इंद्रजीत सिंह विर्क, भाजपा मंडलाध्यक्ष प्रिंस मंगला, गुलशन शर्मा सहित भारी संख्या में साध संगत मौजूद रही।

## दशमेश पिता श्रीगुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व संगत ने नवाया शीश



कुरुक्षेत्र। गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में शब्द कीर्तन करते गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्थे। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** साहिब-ए-कमाल श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर धर्मनगरी में सुशोभित गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी और सिविल अस्पताल के निकट पातशाही दसवीं में गुरमत समागम हुए। इस दौरान दोनों गुरुद्वारा साहिब में संगत ने हाजरी भरी और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मैंबर इंद्रजीत सिंह, बीबी जसबीर कौर मसाना, मैंबर हरमनप्रीत सिंह, सुखजिंदर सिंह मसाना, सुखपाल सिंह, हरियाणा कमेटी के चीफ सेक्रेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सेक्रेटरी (पीए) सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सेक्रेटरी राजपाल सिंह दुनिया माजरा, नरेंद्र सिंह, फ्लाईंग विभाग प्रभारी जज सिंह, इंचार्ज फ्लाईंग विभाग जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह समेत संगत ने गुरबाणी कीर्तन श्रवण किया। गुरबाणी कीर्तन करते हुए श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब के हजूरी रागी जत्थे भाई सतिंदरपाल सिंह ने संगत को धन धन साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दशमेश पिता जी के जीवन से हमें शिक्षा लेनी चाहिए और गुरबाणी को जीवन में अपनाना चाहिए। इस दौरान एसजीपीसी के कविशरी जत्थे भाई जोरावर सिंह ने भी संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मैंबर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन एक अद्वितीय मिसाल है। गुरु साहिब का जीवन जहां गुरबाणी से जुड़ा रहा, वहीं वे ताउम्र अपने धर्म, इंसानियत और अकाल पुरख के प्रति समर्पित रहे।

## एसडीएम अनुभव मेहता ने किया राक्षी नदी का निरीक्षण, सफाई के दिए निर्देश

# राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ते के निर्माण से मिलेगी सुरक्षा



लाडवा। राक्षी नदी पर निरीक्षण करते एसडीएम अनुभव मेहता व नगर पालिका सचिव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि राक्षी नदी पर सेकंड फेज के ट्रफ कार्य का डिजाइन तैयार हो चुका है। अब विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया को अमल में लाया जाएगा। लाडवा के नागरिकों और फसलों के बचाव के लिए राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण काफी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की बड़ी मांग को देखते हुए राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण के लिए 13.28 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी है। इसमें से ट्रफ निर्माण के पहले फेज का कार्य पूरा हो चुका है। एसडीएम अनुभव मेहता ने सोमवार को राक्षी नदी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस बार राक्षी नदी की सफाई का कार्य जल्दी शुरू किया जाएगा, ताकि बरसात के सीजन में किसी प्रकार की दिक्कत परेशानी ना हो।

### निगरिकों और फसलों को मिलेगी सुरक्षा

एसडीएम ने कहा कि राक्षी नदी पर आरडी 29800 से आरडी 35500 यानी बाबैन रोड से पिपली रोड पेवर्ड पैथ बनाए जाने के आदेश दिए। साक्षी नदी के बाईं साइड में इस रास्ते का निर्माण किया जाना है। इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि राक्षी नदी पर आरडी 31600 से आरडी 33800 तक 3 करोड़ 12 लाख रुपए से ट्रफ बनाने का कार्य को पूरा हो किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद लाडवा शहर की आबादी क्षेत्र व फसलों को नुकसान नहीं होगा। लाडवा शहर व इसके आस-पास के डेरों व कॉलोनियों के हजारों नागरिकों की सुरक्षा, सम्पत्ति व फसलों को बचाने के लिए इन कार्यों को करवाया जा रहा है।

## प्रत्येक कर्मचारी हमारे परिवार का अभिन्न अंग : श्योकंद

### कर्मचारियों को ठंड से बचाव प्रदान करना मुख्य उद्देश्य

# अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में कमेटी ने कर्मियों बांटी जर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन, स्वतंत्र सेवा समिति और अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला की कमेटी द्वारा कुरुक्षेत्र स्थित अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में कमेटी द्वारा सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारियों को जर्सी वितरित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ठंड से बचाव प्रदान करना तथा उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता का ध्यान रखना रहा। इस अवसर पर संस्था के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि संस्था में सेवा देने वाला प्रत्येक कर्मचारी हमारे परिवार का अभिन्न अंग है।



### कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों को जर्सी प्रदान कर उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही संस्था के विकास और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान राजेंद्र हथिरा, जितेंद्र घराड़सी, अक्षय नरवाल समस्त कमेटी एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सांसद नवीन जिंदल की पहल पर कुरुक्षेत्र में युवाओं के लिए स्थापित किए जा रहे जिम

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रखने और खेल व फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से



गांवों और शहरों में जिम स्थापित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कुरुक्षेत्र जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अब तक 13 स्थानों पर आधुनिक जिम स्थापित कर युवाओं को समर्पित किए जा चुके हैं। युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करने की योजना के तहत कुरुक्षेत्र के शाहाबाद हल्के में गांव बुहावा के वृद्ध आश्रम, शांति नगर कुरड़ी की वाल्मीकि चौपाल, कल्याणा की संत बाबा अजीत सिंह रेसलिंग एकेडमी, लाड़वा हल्के के गांव उमरी के रोड़ भवन, दबखेड़ा के पंचायत भवन, खैरा के खेल स्टेडियम, बाबैन की हरिजन धर्मशाला, गांव बहलोलपुर के महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर और पेहवा हल्के के गांव अरुणाय की हरिजन चौपाल, सरस्वती खेड़ा भट्ट माजरा की कश्यप चौपाल, दीवाना की सामान्य धर्मशाला में आधुनिक जिम स्थापित किये गए हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं के लिए थानेसर हल्के के द्रोणाचार्य स्टेडियम और गांव अमीन के खेल स्टेडियम में भी आधुनिक जिम स्थापित किए गए हैं।

## रोटरी क्लब ने रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया

### डीएसपी निर्मल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

# सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

धुंध के मौसम में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा नगर के मुख्य चौक पर एक सराहनीय रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी निर्मल कुमार ने सराहना करते हुए कहा कि यदि नगर की अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं भी इसी तरह जनहित के कार्यों में आगे आएं तो समाज का समग्र कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब की यह पहल निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक सिद्ध होगी।



### वाहनों पर लगाए रिफलेक्टर

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष अभियान के तहत डीएसपी निर्मल सिंह, एसएचओ नरेश कुमार एवं अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर रोटरी क्लब के सदस्यों ने ऐसे सभी आने-जाने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए, जिन पर पहले से रिफ्लेक्टर नहीं लगे थे। इस अवसर पर इंस्पेक्टर रामकरण, एसएचओ सदर जगदीश कुमार, शहरी एसएचओ नरेश कुमार, एएसआई पवन कुमार आदि रहे।



### ठाकुरद्वारा प्राचीन श्री नाभिकमल मंदिर में संकीर्तन का आयोजन

**थानेसर।** सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरूक्षेत्र के धार्मिक एवं अध्यात्म ग्रुप भक्ति सागर के तत्वाधान में ठाकुरद्वारा प्राचीन श्री नाभिकमल मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रमुख श्याम जुनेजा ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में समूह द्वारा सभी लोगों के कल्याण हेतु यह वर्ष का पहला और अब तक का 158वां कार्यक्रम रहा जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी शामिल हुए। संकीर्तन का शुभारंभ समाजसेवी कृष्ण लाल मेहता ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

# केयू में स्थापना दिवस पर विशेष प्रदर्शनी 9 जनवरी को

**शिक्षा मंत्री बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 69वें स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। गत वर्ष विश्वविद्यालय की शिक्षा, संस्कृति, शोध एवं खेल सहित अन्य गतिविधियों की उपलब्धियों को दर्शाने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक शिक्षा ग्रहण करने वाले विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले गणमान्य लोगों को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया जाएगा। निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि 9 जनवरी 2026 को स्थापना दिवस उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम में ऑडिटोरियम के क्रश हाल में लगने वाली विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा करेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### होगा हवन यज्ञ

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 69वें स्थापना दिवस पर प्रातः हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल तथा केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, परीक्षा नियंत्रक आहुती डालेंगे।

# थानेसर अनाजमंडी में सुभाष सुधा ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर अनाजमंडी के विकास कार्यों पर प्रदेश सरकार की तरफ से 4 करोड 67 लाख 46 हजार रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस बजट से थानेसर अनाजमंडी की पार्किंग, सर्विस रोड व अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को थानेसर अनाजमंडी में मार्किट कमेटी की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने थानेसर अनाजमंडी में 4 करोड 67 लाख 46 हजार रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। इस राशि से दुकान नंबर 94 से 124 के पीछे व बूथ नंबर 402 से 432 के सामने पार्किंग निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही दुकान नंबर 1 से 31, दुकान नंबर 63 से 93 दुकान नंबर 94 से 124, दुकान नंबर 125 से 143 के पीछे सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट से मौजूदा चार दिवारी को भी ऊंचा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से थानेसर हल्के का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, मार्किट कमेटी थानेसर के चेयरमैन सुरेश सैनी कुक्कु, वाइस चेयरमैन शशीकांत जैन, पार्षद मुकंदलाल सुधा, पार्षद मनिन्द्र छिंदा, दयाल, मुलख राज अनेजा, पंकज, संजीव सिकरी, राजीव गर्ग, अंशुल, प्रवीण ढींगरा मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। परियोजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। कथा सुनते श्रद्धालु।

### सेक्टर 3 के शिव मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 3 के शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गई। कथा 11 जनवरी तक कथा चलेगी। इसके बाद कथाव्यास आचार्य रमेश पराशर ने कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जो सच्ची श्रद्धा से भागवत सुनता है उसे 18 पुराणों का फल प्राप्त होता है। फिल्म में जो आता है वह बच्चों के दिमाग में छप जाता है, इसलिए बच्चों को अध्यात्म वाली फिल्म दिखाएं। कथा कदम-कदम पर हमें संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि जो सच्चे मन से कथा सुनता है उनके हृदय में भगवान विराजते हैं। इस मौके पर आचार्य बलराज, मनदीप जोशी, मुकेश वशिष्ठ, सोहन पराशर वेद मंत्रों सहित पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान जोगेंद्र चौहान, महिला मंडल की प्रधान श्रीमती गुलशन सूदन, नरेश सैनी, वीके गुप्ता, मदन लाल धीमान, अनिल सुखीजा, नरेश कुमार धीमान, विनोद कुमार, सुनीता रानी, दर्शन रानी, वीना सुखीजा, वीना गुप्ता, ऊमिला शर्मा, ऊमिला वर्मा, रीटा गांधी, रमा छाबड़ा, सुनीता बख्शी, कुसुम सिंगला, रेखा जैन, संजय त्यागी, सुरेन्द्र आदि भक्तजन मौजूद रहे।

## सुख समृद्धि देता है सकट गणेश चौथ व्रत व पूजा : डॉ. सुरेश मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



समर्थगुरु संघ हिमाचल के जोनल कॉर्डिनेटर और श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली कुरुक्षेत्र के पीठाधीश ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को सकट चौथ कहा जाता है। शास्त्रों और पुराणों अनुसार 6 जनवरी 2026 को माघ मास के कृष्ण पक्ष की सकट गणेश चौथ व्रत किया जाएगा। वक्रतुण्डी चतुर्थी, तिलकुटा चौथ भी इसी चतुर्थी के नाम है। सकट चौथ के दिन श्री गणेश पूजन तथा व्रत रखने का विधान है। माघ मास में भालचन्द्र नामक गणेश की पूजा करनी चाहिए। भगवान गणेश संकटों को हरण करते है इसलिए इसे सकट चौथ व्रत भी कहा जाता है। सकट चतुर्थी के दिन सभी महिलाएं सुख सौभाग्य और सर्वत्र कल्याण की इच्छा से प्रेरित होकर विशेष रूप से इस दिन व्रत का पालन करती है। पदम पुराण के अनुसार यह व्रत स्वयं भगवान गणेश ने मां पार्वती को बताया था। इस व्रत की विशेषता है कि घर का कोई भी सदस्य इस व्रत को कर सकता है। प्रत्येक मास की कृष्ण पक्ष चतुर्थी गणेश चतुर्थी कहलाती है, परन्तु माघ मास की चतुर्थी सकट चौथ कहलाती है।

**मौसम** | अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

# कई दिनों बाद खिली धूप, ठंड से मिली राहत, तापमान बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में कई दिनों बाद सोमवार को मौसम साफ रहा। सुबह धूप खिलने के बाद लोग पार्कों में पहुंच गए तो बहुत से लोगों ने छत पर बैठकर आनंद उठाया। वहीं गृहिणियों ने छतों पर कपड़े सुखाएं। हालांकि सर्द हवा भी चलती रही। मौसम विभाग के अनुसार दिन में धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम में प्रतिदिन अलग ही देखने को मिल रहा है। कभी न्यूनतम तापमान में गिरावट, कभी बढ़ोतरी, कभी धूप तो कभी धुंध के कारण दृश्यता कम हो रही है। मौसम का मिजाज सोमवार को भी बदला। सुबह से ही सूर्य निकलने से ठंड का असर कम हुआ।



कुरुक्षेत्र। पार्क में खेलते युवा। फोटो : हरिभूमि

### दोपहर में खिला मौसम

इसके बाद दोपहर को गुनगुनी धूप से ठंड का असर कम हुआ। इससे पार्कों व सड़कों पर चहल पहल बढ़ती हुई नजर आई। पार्क में बच्चे खेलते व बुजुर्ग व्यक्ति धूप का आनंद लेते हुए नजर आए। पिछले दिनों लगातार बादल छाए रहने और सर्द हवा चलने के कारण ठंड काफी बढ़ गई थी जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। कई दिनों बाद सोमवार सुबह से ही आसमान साफ रहा और अच्छी धूप खिली। जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### फसलों को मिली उर्जा

दिन में धूप खिलने के साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। किसान राजेश कुमार, गुरदयाल, महाबीर का कहना है कि सूखी ठंड अधिक होने के चलते सब्जी में नुकसान होने की आशंका है। मौसम में अधिक गलन होने से मटर की सब्जी में दाना नहीं बन रहा और सरसों में भी नुकसान है, लेकिन धूप निकलने पर सभी फसलों को सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा मिली है। हालांकि धूप निकलने से ठंड का असर कुछ कम हुआ लेकिन हवा की गुणवत्ता में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सुबह-शाम ठंड बनी रहेगी, जबकि दिन में धूप निकलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

**खबर संक्षेप**




### चोरी करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज धोखाधडी से चोरी करने के मामले में पुलिसस ने आरोपी विशाल उर्फ विशु, मुकेश, अलदिता उर्फ अब्दुल व मुस्तफा उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी हिमाचल प्रदेश कर रहने वाले बताए जा रहे हैं। सीआईए-2 निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी सोहन लाल ने 18 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 के दौरान आरोपियों ने ट्रक को रोड पर लावारिस हालत में छोड़ कर चल जाने व ट्रक में लोड सामान चोरी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### वर्कशॉप में खड़ी 16 बसों की बैटरियां व तारें चोरी

**अंबाला।** सिटी में रोडवेज की वर्कशाप में खड़ी 16 पुरानी बसों से बैटरियां व तारें चोरी हो गईं। अंबाला सिटी सेक्टर-9 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में हरियाणा राज्य परिवहन महाप्रबंधक के यार्ड मास्टर वेदप्रकाश ने बताया कि हरियाणा रोडवेज की जो वर्कशॉप है, उसमें जो पुरानी बसें खड़ी होती हैं, इन बसों में से बस संख्या 0611, 8467, 7124, 5167, 0610 व 7194 कुल 6 बसों की 12 बैटरियां व 10 गाड़ियों की तार चोरी हो गई हैं। अब पुलिस चोरी के इस मामले की जांच कर रही है।

### धमकी देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल व सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। थाना नारायणगढ प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता नीरज ने 2 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी साहिल व सुनील ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव पुलिस ने चोरी करने के मामले में आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार किया है। एसएचओ पडाव निरीक्षक धर्मबीर सिंहँ ने बताया कि उत्तर हरियाणा वितरण निगम के एसडीओ मोहित ने ने 31 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अज्ञात आरोपी ने उत्ता हरियाणा बिजली वितरण निगम डिविजन-1 से केबल तार का बंडल चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी को अदालत ने जेल भेज दिया है।

### जानलेवा हमला करने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा सहिब में दर्ज गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में सीआईए-1 टीम ने आरोपी शिवम सोनी व राज कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिवम सोनी को पुलिस ने 2 दिन के रिमांड पर लिया है7 आरोपी शिवम सोनी से एक पिस्टल व एक रौंद बरामद किया गया है। इसी मामले में एक अन्य आरोपी आकाश सोनी को भी गिरफ्तार किया है। टुंडला गांव क रणधीर सिंह ने 2 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2026 को आरोपी शिवम, राजकुमार व अन्य ने गांव टुंडला में उस पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया था।

---

## प्रति एकड़ किसानों को मिलेगा 1.55 करोड़ का मुआवजा

# आईएमटी के लिए 858 एकड़ जमीन होगी एक्वायर: डीसी

**डीसी बोले, आईएमटी के स्थापित होने से अंबाला के विकास को मिलेगी नई रफ्तार**

**नए साल में नागरिकों को कई योजनाओं की मिलेगी सौगात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि आईएमटी के स्थापित होन से अंबाला शहर में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। विकास की दृष्टि से जिला और विकसित एवं मजबूत बनेगा। नग्गल गांव के आस-पास 858 एकड़ भूमि पर प्रथम चरण में आईएमटी बनाने का काम किया जाएगा। उपायुक्त सोमवार के अपने ऑफि में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों आईएमटी को लेकर किसान प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ में मिला था। वहां पर आईएमटी को लेकर सकारात्मक बैठक हुई।

आईएमटी के निर्माण के लिए 1 करोड़ 55 लाख रुपये प्रति एकड़ भूमि किसानों से खरीदी जाएगी। तमाम औपचारिकताएं पूरी होने के बाद आईएमटी का कार्य शुरू होगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि अंबाला के साथ कई हाईवे जुड़े हुए हैं इससे इंडस्ट्रीज भी आगे आएगी। उन्होंने कहा कि कई विकास परियोजनाएं अंतिम चरण में है। इनकी सौगात जल्द ही लोगों को मिलेगी। इन परियोजनाओं में शहीद स्मारक, घरेलू हवाई अड्डा, महिला राजकीय कॉलेज, नागरिक अस्पताल अंबाला शहर का विस्तार, रिंग रोड के साथ-साथ अन्य अनेकों ऐसी परियोजनाएं है जोकि अन्तिम चरण में है। उपायुक्त ने कहा कि धुंध के मौसम को ध्यान में रखते हुए वाहन चालक वाहनों को सावधानी पूर्वक चलाएं, यातायात नियमों की पालना करें, बुर्जुगों व बच्चों का ध्यान रखे। उन्होंने पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सभी संबंधित एजेंसियो को निर्देश है कि सडक़ पर सभी जगह मार्किंग सही होनी चाहिए। जहां पर भी सडक़ का कार्य चल रहा है वहां पर रिफलेक्टर लगे होने चाहिए।


अंबाला। मीडिया से बातचीत करते डीसी।

नगर निगम व नगर परिषद् को बेसहारा गौवंश के तहत उनके गले में रिफलेक्टर टेप लगाने के निर्देश भी दिए गए है। साथ ही साथ आरटीए विभाग को भी निजी वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाने बारे तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना बारे कहा गया हैं। धूलकोट में बीबीएमबी को लेकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि इस विषय को लेकर डीएफओ को को जांच के आदेश दिए गए हैं। यदि कहीं पर भी वायलेशन होती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शहजादपुर को नगर पालिका का दर्जा मिलने पर डीसी ने कहा कि निसंदेह वहां पर विकास और तेजी से होगा। नगर पालिका की ड्राफ्ट नोटिफिकेशन हो चुकी है। उस पर आपत्तियां मांगी गई है। लोगों से अपील है कि वे नोटिफिकेशन को देख लें। समयबद्ध तरीके से यदि कोई आपत्ति देनी है तो वे दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम के तहत वार्ड बंदी का कार्य पूरा हो गया है। वार्डों का ड्रॉ भी निकाला जा चुका है। मतदाता सूचि की अपडेशन के लिए एसडीएम व एचसीएस की ड्यूटी लगाई गई हैं।

इस अवसर पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, एआईपीआरओ अजीत सिंह के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि व उपस्थित रहे।

---

**मोबाइल डाटा की भी हो रही जांच**

## निजी ठेकेदार के पास सुपरवाइजर था आरोपी, पुलिस खंगाल रही खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**पाक को गोपनीय सूचनाएं लीक करने के आरोप में किया काबू**

पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं देने के आरोप में पकड़ा गया सबगा गांव के सुनील सेना के लिए काम करने वाले निजी ठेकेदार के पास चार-पांच साल से सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने आरोपी का आईकार्ड बरामद किया है। आरोपी के फोन को भी खंगाला जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर कहां-कहां की लोकेशन व जानकारी भेजी गई है। आखिर सुनील कब से किस-किस के संपर्क में था। लेनदेन का पता लगाने के लिए बैंक खातों को भी खंगाला जा रहा है।

चार दिन के रिमांड के दौरान आरोपी की सैन्य क्षेत्रों में भी निशानदेही करवाई जाएगी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि सुनील से फेसबुक के जरिये संपर्क में आई महिला या फिर किसी अन्य व्यक्ति ने एक व्हाट्सएप के जरिये सूचनाएं लीं। हैरानी की बात यह है कि यह नंबर भी भारतीय नंबर की तरह था, जिसने युवक को झांसे में लिया। ऐसे में पता नहीं चल पाता कि यह सूचना देश से बाहर कहीं जा सकती हो। हालांकि पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। बताया जाता है कि सुनील को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने वाली महिला ने खुद को दिल्ली की बताया था। आरोपी का सबगा गांव में अपना मकान है। पिता रेलवे से रिटायर्ड हैं। वह दो भाई हैं। गांव में हर कोई हैरान है कि ऐसा कैसे हो गया। आरोपी पर पहले किसी तरह का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। सुनील ने पसियाला गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ाई की है।

---

## ड्रग फ्री हरियाणा के तहत स्वयंसेवकों ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सोमवार को पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने दिन की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज द्वारा 'ड्रग फ्री हरियाणा मिशन' के तत्वाधान में 'से नो टू ड्रग्स एंड मेक द यूथ हेल्दीयेर' स्लोगन के साथ हर्बल पार्क अंबाला शहर से वॉक से की। इसमें जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार भी मौजूद रहे। उसके पश्चात वॉलिंटियर्स ने शहर के सीनियर सिटीजन ओल्ड एज होम का दौरा किया तथा वहां पर बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत किया। इस अवसर पर ओल्ड एज होम में रंगारंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें बुजुर्गों ने और बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने बुजुर्गों को बिस्किट और फ्रूट्स बांटे। सभी बुजुर्ग इस मौके पर बहुत ही प्रसन्न रहे। उन्होंने बच्चों के साथ डांस किया ,गाने एवं भजन गाए व उन्हें बहुत आशीर्वाद दिए। यहां पर बच्चों ने बुजुर्गों से उनकी दिनचर्या के बारे में जाना और उनके साथ अच्छा समय व्यतीत किया। प्रोग्राम ऑफिसर पंकज सूरी मौजूद रहे और बच्चों को समझाया कि उन्हें अपने बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए।



अंबाला। शिविर के दौरान डांस करती स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

---

## सर्दी की वजह से रेल व बस यातयात बुरी तरह से प्रभावित, देरी से चल रहीं ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने ट्रेनों के साथ-साथ रोडवेज व निजी बसों की रफ्तार धीमी कर दी है। स्थिति यह है कि लंबे रूट की ट्रेनें और बसें निर्धारित समय से दो से तीन घंटे की देरी से रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर पहुंच रही हैं। रविवार की तरह सोमवार को भी अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से निकलने वाली 16 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

अंबाला डिपो की करीब 15 मुख्य बसें कोहरे के कारण देरी से पहुंचीं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन नंबर 12715 नांदेढ़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस दो घंटे, 22477 नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस एक घंटा, 11058 अमृतसर-मुंबई 1.30 घंटे, 14521 दिल्ली-अंबाला कैंट एक्सप्रेस एक घंटा, 14679 दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस एक घंटा, 14681 दिल्ली-जालंधर सिटी एक्सप्रेस एक घंटा, 14507 दिल्ली-फाजिल्का एक्सप्रेस 45 मिनट, 14816 ऋषिकेश-श्रीगंगानगर 20 मिनट, 12013 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी 20 मिनट, 20807 विशाखापट्नम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस 45 मिनट, 12903 बांद्रा-अमृतसार गोल्डन टेंपल एक घंटा, 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस एक घंटा, 64512 अंब अंदौरा-हरिद्वार मैमू 40 मिनट, 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस 20 मिनट, 18309 संभलपुर-जम्मूतवी 30 मिनट, 14610 कटरा-ऋषिकेश हेमकुंड एक्सप्रेस 20 मिनट की देरी से गंतव्य स्टेशन पर पहुंची। चालक सफेद पट्टी और फॉग लाइट के सहारे बसें चला रहे हैं। इससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**यात्री बेहद परेशान देरी से पहुंचने के कारण हो रहा नुकसान**

एक तरफ बसें लेट हैं, तो दूसरी तरफ बस अड्डों पर बने पूछताछ केंद्रों की कार्य प्रणाली से भी यात्री नाखुश हैं। यात्रियों का आरोप है कि उन्हें बसों के आने-जाने का सही समय नहीं बताया जा रहा, इससे वे कड़कड़ाती ठंड में बैठने को मजबूर हैं।

दिल्ली-चंडीगढ़, दिल्ली-पटियाला, दिल्ली-जालंधर, चंडीगढ़-नारनौल, चंडीगढ़-हिसार और सिरसा जैसे लंबे मार्गों पर बसों का संचालन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

निजी बसों की स्थिति भी ज्यादा ठीक नही हैं जो बसें दिन भर में चार फेरे लगाती थीं, वे अब मुश्किल से तीन फेरे ही पूरे कर पा रही हैं।

---

## गुरुद्वारा बाज साहिब के नए भवन का नींव पत्थर रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सुबह गांव टुंडली में गुरुद्वारा बाज साहिब के नए भवन का नींव पत्थर रखते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। विज ने भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले अरदास में हिस्सा लिया और नींव पत्थर रखा। बोले सो निहाल जयकारों के बीच श्रद्धापूर्वक गुरुद्वारे के भवन का नींव पत्थर रखा गया। इससे पहले गांव टुंडली में पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरमीत सिंह व अन्य ने उनका स्वागत किया। मंत्री अनिल विज को सिरोपा पहनाकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। गुरुद्वारा बाज साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरमीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा बाज साहिब का वर्तमान भवन कई दशक पुराना है व छोटा है। अब नया भवन पहले से बड़ा बनाया जा रहा है जिसकी शुरूआत की गई है। इस अवसर पर गांव टुंडली से बाबा बचित्तर सिंह, बलबीर सिंह, रघुबीर सिंह, लखविंद्र सिंह, अजैब सिंह, कुलबीर सिंह, नायब सिंह, धीर सिंह के अलावा जसबीर सिंह जस्सी, सुदर्शन सिंह सहगल, रणधीर सिंह, रामबाबू याद, डा. ऋषिपाल, गुरप्रीत सिंह, जसमेर सिंह, रोशन सिंह बरनाला, उधम सिंह, गुरविंद्र सिंह, तरविंद्र सिंह बंटी, गुरदीप सिंह जनेतपुर, बलदेव सिंह, शमशेर सिंह, लाल सिंह, पाल सिंह, बलकार सिंह, रतन सिंह टुंडली, चौड सिंह, कुलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।


अंबाला। गुरुद्वारा बाज साहिब के भवन की नींव रखते मंत्री अनिल विज।

### धोखाधड़ी करने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी ओंकार सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 1 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले के संबंध में नसरौली के सतपाल सिंह ने 4 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2024 से 6 मार्च 2025 के दौरान आरोपी ओंकार सिंह व अन्य ने उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को विदेश भेजने के मामले में उससे 15 लाख रूपये हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

**तृतीय सेमेस्टर में छात्राओं ने हासिल किए शीर्ष स्थान**

## फार्मेसी की छात्राओं का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बराड़ा।** लाला अमीचंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी उगाला का बीफार्मेसी तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। परीक्षा में रितिका ने कुल 600 अंकों में से 461 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मोनिका ने 459 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, चेतना वर्मा ने 452 अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा गुरमनवीर कौर ने 450 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधन की ओर से कृष्ण लाल सैनी ने सभी सफल छात्राओं को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कमल सैनी एवं राहुल सैनी ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. साहिल कनेर ने सभी सफल छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, लगन एवं नियमित अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यापकगण डॉ. कीर्ति, उदय, रवनीत, पंकज, अंकित, खुशाल, लवजीत, गोरिषा एवं प्रभजोत ने भी छात्राओं को बधाई दी।

---

**जानकारी** सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने से बिजली बिल हुआ जीरो

**अम्बली गांव में जागरुकता कैंप का आयोजन**

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों को मिला दोहरी सब्सिडी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल नारायणगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता कैंप गांव अम्बली में आयोजित किया गया। इस कैंप में 10 उपभोक्ताओं को सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। उन्होंन अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाकर केंद्र सरकार से 60 हजार तथा प्रदेश सरकार से 50 हजार की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी ने प्राप्त की है। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी उपभोक्ताओं को अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली द्वारा चेक वितरित किए गए। चेक प्राप्त करने वालों में मनीष कुमार गांव कुल्लडपुर, राय सिंह गांव पुलेवाला, किरण पुलेवाला, पुष्पा रानी गांव पुलेवाला, राजकुमार गांव पुलेवाला, संतोष नारायणगढ़, सुरेंद्र पाल सिंह कोहड़ा भूरा, रमेश चंद गांव पुलेवाला, प्रकाश चंद गांव पुलेवाला, सरबजीत सिंह गांव पंजेटों लाभार्थी शामिल रहे जिन्हें योजना के अनुसार प्रदेश सरकार की ओर से 50,000-50,000/- की राशि के चेक वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हर गरीब परिवार के उत्थान में लगी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रमुख रूप से गरीब परिवारों के लिए कल्याणकारी है। सौर ऊर्जा को अपनाकर ग्रामीण न केवल अपना बिजली बिल जीरो कर सकते हैं बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में भी अपना योगदान दे सकते हैं क्योंकि सौर ऊर्जा से किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। सौर पैनल की आयु भी लगभग 30 वर्ष की होती हैं। कार्यक्रम में अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा पहले एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने पर प्रति किलोवाट 30 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिसकी अधिकतम सीमा 78 हजार रुपये है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा भी इस योजना को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सब्सिडी दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा पहले एक लाख बीपीएल परिवारों, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है और वार्षिक बिजली खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें प्रति किलोवाट 25 हजार रुपये तथा अधिकतम 50 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

इसके अलावा जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से 3 लाख रुपये तक है और वार्षिक खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें भी 20 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।



शहजादपुर। लाभार्थियों को चेक वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में देश को आगे बढ़ाना उद्देश्य**

घरों पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने से प्रति किलोवाट प्रतिदिन लगभग 5 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल सोलर सिस्टम लगवाने के बाद शून्य आ रहे हैं, जबकि कई उपभोक्ताओं का बिल मात्र 10 से 15 रुपये तक सीमित रह गया है। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में देश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर घर को सस्ती और पर्यावरण अनुकूल बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि आमजन को अतिरिक्त आय का भी अवसर मिलेगा। उपमंडल अधिकारी विकास बंसल द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जिन बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल सोलर सिस्टम लगवाने के बाद जीरो हुए हैं उनके बिल भी दिखाए गए। इस कैंप में विभाग द्वारा अधिकृत वेंडर भी उपस्थित रहे जिन्होंने ग्रामीणों को अपनी अपनी कंपनी द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। इस कैंप में जसविंदर सिंह बखतुआ, पूर्व मंडल उपप्रधान रणधीर सिंह भूरेवाला, सरपंच मुकेश कुमार तथा पूर्व सरपंच व पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---



### 11 किलो 210 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित पकड़ा

**अंबाला।** एएनसी की टीम ने मादक पदार्थ रखने के मामले में आरोपी अमनदीप सिंह उर्फ अमन को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिसस ने 11 किलोग्राम से ज्यादा चूरापोस्त जब्त किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएनसी के प्रभारी निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियंत्रण हेतू गश्त पर तैनात थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पडाव के सैनिक विश्राम गृह के पास आरोपी मादक पदार्थ सहित खड़ा है। टीम ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर आरोपी से 11 किलो 210 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह उर्फ अमन वासी गांव शरीफगढ जिला कुरूक्षेत्र के तौर पर हुई जोकि अभी अंबाला छावनी के आर्य नगर में रह रहा है।